प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय की चारा संकर प्रजाति को किया गया व्यवसायिकरण

पन्तनगर। 2 अगस्त 2024। पन्तनगर विश्वविद्यालय द्वारा चारा संकर की प्रजाति सीएसएच 24एमएफ को विकसित किया गया है। इस प्रजाति ने देश के किसानों के मध्य लोकप्रियता हासिल किये हुए है। इसी क्रम में बौद्धिक संपदा और प्रौद्योगिकी प्रबंधन (आईपीटीएम) के दिशानिर्देश में वर्ष 2023 के दौरान व्यावसायीकरण की जाने वाली प्रौद्योगिकियों के लाभों हेतु ज्वार चारा संकर सीएसएच 24एमएफ के इनोवेटर शेयर के रूप में पन्तनगर विश्वविद्यालय को धनराशि रू. 8,24,245/– प्रदान की गयी है। आईसीएआर–आईआईएमआर, हैदराबार के द्वारा पन्तनगर विश्वविद्यालय के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने वैज्ञानिकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

**निदेशक संचार**